**PRE-BOARD EXAMINATION(2023-24)** **(M)**

**CLASS X**

**SUBJECT : HINDI (002)**

**Comprehensive Assessment Feedback**

**विस्तृत आकलन प्रतिपुष्टि**

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks:80**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश:

1- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और ख'। खंड-क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड-ख में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

2- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

4- खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

5- खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड - अ (अपठित अंश)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

इस दुनिया की उत्पत्ति होते ही आज के दौर की भाषाएं अस्तित्व में नहीं आई थी। पहले के समय में आदिमानवों की अपनी अलग भाषा हुआ करती थी। फिर जैसे युग आगे बढ़ता गया तब नई-नई भाषाओं का निर्माण होने लगा। उन्हीं भाषाओं में से एक हमारी राजभाषा हिंदी है। ऐसे देखा जाए तो संस्कृत भाषा जिसे हम आर्य भाषा भी बोल सकते हैं, को सबसे पुरानी भाषा का दर्जा दिया जाता है। यह भाषा ईसा से पांच हजार वर्ष पहले ही अस्तित्व में आ गई थी। और इसी भाषा से जन्म हुआ हिंदी भाषा का। बहुत से लोगों का यह मत है कि हिंदी भाषा को लगातार एक हजार वर्षों से लिखा और बोला जा रहा। साल दर साल बीतने पर इस भाषा के बोलने और लिखने की शैली में और निखार आता गया। भारत में एक समय ऐसा भी था जब हिंदी भाषा से पूरे विश्व में भारत देश का संदेश गया। यह समय था स्वतंत्रता संग्राम का। इस दौर में अनेक कवियों और लेखकों ने स्वतंत्रता की इस लडाई में अपने कृतियों के माध्यम से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गांधीजी ने तो यह तक बोल दिया था कि भारत बिना हिंदी के सूना है। फिर

DoE, Delhi

एक दिन भारत के लिए एक सुनहरा अवसर आया जब भारत देश हमेशा के लिए ब्रिटिश गुलामी से आजाद हो गया। आखिरकार हिंदी भाषा को अपना मुकाम हासिल हो गया। 14 सितंबर 1949 को सरकार के आदेश पर हमने इस भाषा को हमारी राजभाषा के रूप में सहर्ष स्वीकार कर लिया। भारत को आज़ादी मिलने से पहले और मिलने के तुरंत बाद में लोगों के मन में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम का सैलाब उमड़ पड़ा। चाहे सिनेमा जगत हो या पत्रिका, हर कोई हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने लगा।

(क) आज़ादी से पहले और उसके बाद लोगों के मन में किस भाषा के प्रति प्रेम का सैलाब उमड़ पड़ा।

A. संस्कृत भाषा
B. हिन्दी भाषा
C. तमिल भाषा
D. तेलुगू भाषा

| | |
|---|---|
| A संस्कृत भाषा (गलत) | A संस्कृत भाषा - गद्यांश के अनुसार संस्कृत के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा। |
| B हिन्दी भाषा (सही) | B हिंदी भाषा - गद्यांश के अनुसार हिंदी के प्रति प्रेम का सैलाब उमड़ा। |
| C तमिल भाषा (गलत) | C तमिल भाषा - गद्यांश के अनुसार तमिल के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा। |
| D तेलुगू भाषा (गलत) | D तेलुगु भाषा - गद्यांश के अनुसार तेलुगु के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा। |

(ख) गद्यांश के अनुसार हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा कौन-कौन मानने लगे ?

A. कला और मनोरंजन जगत।
B. साहित्य और संस्कृति जगत।
C. सिनेमा और पत्रिका जगत।
D. मूर्ति और चित्र कला जगत।

| | |
|---|---|
| A कला और मनोरंजन जगत ( गलत) | A गद्यांश में कला और मनोरंजन जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है। |
| B साहित्य और संस्कृति जगत (गलत) | B गद्यांश में साहित्य और संस्कृति जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| C सिनेमा और पत्रिका जगत (सही) | C गद्यांश में सिनेमा और पत्रिका जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख है। |
| D मूर्ति और चित्र कला जगत (गलत) | D गद्यांश में मूर्ति और चित्रकला जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है। |

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए?

कथन (A) - संस्कृत भाषा को सबसे पुरानी भाषा का स्थान दिया जाता है।

कारण (R) - संस्कृत भाषा हजारों वर्षों से अस्तित्व में है।

A. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है|

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं|

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है|

D. कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है|

| | | |
|---|---|---|
| A कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है\| (गलत) | A कथन A सही है जबकि विकल्प में इस कथन को गलत कहा गया है। | कथन A - संस्कृत भाषा को सबसे पुरानी भाषा का स्थान दिया जाता है - गद्यांश के अनुसार सही है। |
| B कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं\|(सही) | B कथन A और कारण R दोनों सही होने के कारण। | |
| C कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है\| (गलत) | C कथन A और कारण R दोनों को विकल्प में गलत कहे जाने के कारण। | कारण R - संस्कृत भाषा हजारों वर्षों से अस्तित्व में है। - सही है तथा यह कथन A की सही व्याख्या है क्योंकि गद्यांश के अनुसार संस्कृत भाषा ईसा |
| D कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है\| (गलत) | D कथन A सही है जबकि विकल्प में इस कथन को गलत कहा गया है। | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | | से पाँच हजार वर्ष पहले ही अस्तित्व में आ गई थी। |

(घ) 'गांधी जी ने यह भी कहा कि बिना हिंदी के भारत सूना है।' इस कथन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/ से तर्क सही है

1- हिंदी भारत की आत्मा है।

2- हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है।

3- गांधी जी हिंदी को सम्मान की दृष्टि से देखते थे।

A. विकल्प 1 सही है।
B. विकल्प 1और 2 सही है।
C. विकल्प 1, 2 और 3 एक सही है।
D. विकल्प 2 और 3 एक सही है।

| | |
|---|---|
| A विकल्प 1 सही है।(गलत) | A क्योंकि इसमें तर्क 1 को ही सही बताया गया है। |
| B विकल्प 1और 2 सही है। (गलत) | B क्योंकि इसमें तर्क 1 और 2 को ही सही बताया गया है। |
| C विकल्प 1, 2 और 3 एक सही है। (सही) | C तीनों तर्क सही होने के कारण।<br>तर्क 1 सही है क्योंकि हिंदी भारत देश में सबसे बड़े आबादी और भू-भाग द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा है, भारत की प्रमुख संपर्क भाषा।<br>तर्क 2 सही है क्योंकि संविधान में हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है।<br>तर्क 3 सही है क्योंकि गांधी जी का यह कथन कि बिना हिंदी के भारत सूना है गाँधी जी का हिंदी के प्रति सम्मान को दर्शाता है। |
| D विकल्प 2 और 3 एक सही है। (गलत) | D क्योंकि इसमें तर्क 2 और 3 को ही सही बताया गया है। |

DoE, Delhi

(ङ) हमने हिंदी भाषा को हमारी राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया ?

A. 1949 में

B. 1950 में

C. 1948 में

D. 1952 में

| | |
|---|---|
| A 1949 में (सही) | A क्योंकि हिंदी को राजभाषा के रूप में 1949 में ही स्वीकार किया गया था। |
| B 1950 में (गलत) | B क्योंकि 1950 वर्ष का उल्लेख गलत है। |
| C 1948 में (गलत) | C क्योंकि 1948 वर्ष का उल्लेख गलत है। |
| D 1952 में (गलत) | D क्योंकि 1952 वर्ष का उल्लेख गलत है। |

**सुझाव -**

1. विद्यार्थी गद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ें।
2. पठन समय का प्रयोग करते हुए गद्यांश से जुड़े प्रश्नों को अच्छी तरह समझ लें।
3. गद्यांश के केंद्रीय भाव को समझने के बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।
4. 'कथन और कारण' के प्रश्न हल करते समय ध्यान दें कि केवल कथन और कारण का सही होना ही पर्याप्त नहीं है। कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है या नहीं इस बात पर ध्यान देने के बाद ही उचित विकल्प का चुनाव करें।

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

हम दीवानों की क्या हस्ती,
आज यहाँ कल वहाँ चले ।
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।

आए बनकर उल्लास कभी,
आंसू बनकर बह चले अभी
सब कहते ही रह गए, अरे,

तुम कैसे आए, कहाँ चले।

किस ओर चले? मत ये पूछो,
बस, चलना है इसलिए चले
जग से उसका कुछ लिए चले,
जग को अपना कुछ दिए चले।

दो बात कहीं, दो बात सुनी,
कुछ हंसे और फिर कुछ रोए
छक कर सुख-दुःख के घूँटों को,
हम एक भाव से पिए चले।

(क) कवि किसको कुछ देकर जाने की बात कर रहा है?

A. स्वयं को

B. परिवार को

C. घर को

D. जग को

| | |
|---|---|
| A स्वयं को (गलत) | A क्योंकि कवि स्वयं की बजाय जग को देने की बात कर रहा है। |
| B परिवार को(गलत) | B क्योंकि कवि परिवार की बजाय जग को देने की बात कर रहा है। |
| C घर को (गलत) | C क्योंकि कवि घर की बजाय जग को देने की बात कर रहा है। |
| D जग को (सही) | D क्योंकि कवि जग को देने की बात कर रहा है। |

(ख) कवि किसके घूंटो को पीने की बात कर रहा है?

A. दुख के

B. सुख के

C. सुख-दुःख के

D. प्रेम के

| | |
|---|---|
| A दुख के (गलत) | A विकल्प A में सिर्फ़ दुख लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| B सुख के (गलत)<br><br>C सुख-दुःख के (सही)<br><br>D प्रेम के (गलत) | B विकल्प B में सिर्फ़ सुख लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है।<br><br>C काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है।<br><br>D विकल्प D में सिर्फ़ प्रेम लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है। |

(ग) मस्ती का आलम साथ चला,
हम -----------उड़ाते जहाँ चले।

A. धूल
B. कुहरा
C. हवा
D. धुआँ

| | |
|---|---|
| A धूल (सही) | A 'धूल' काव्य की पंक्ति में प्रयुक्त शब्द होने के कारण। |
| B कुहरा (गलत) | B कुहरा का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण। |
| C हवा (गलत) | C हवा का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण। |
| D धुआँ (गलत) | D धुआँ का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण। |

(घ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए?
कथन (A) - आए बनकर उल्लास कभी, आँसू बनकर बह चले अभी।
कारण (R) - आँसू और उल्लास एक दूसरे के साथी हैं ।

A. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है|
B. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं |
C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है|
D. कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है|

| | | |
|---|---|---|
| A कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है\|(गलत) | A कथन A सही है जबकि विकल्प में कथन A को गलत कहा गया है। | कथन A - आए बनकर उल्लास कभी, आसूँ बनके |

| | | |
|---|---|---|
| B  कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं \|(गलत)<br><br>C कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है\|  (सही)<br><br>D कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है\|(गलत) | B कथन A सही है और R गलत है जबकि विकल्प में दोनों को सही कहा गया है।<br><br>C कथन A सही है जबकि कारण R कथन A के संदर्भ में सही नहीं है।<br><br>D कथन A सही है जबकि कारण R कथन A के संदर्भ में सही कहा गया है। | बह चले अभी - पद्यांश में वर्णित है/ पद्यांश के अनुसार सही है।<br><br>कारण R - आँसू और उल्लास एक दूसरे के साथी हैं। - सही नहीं है तथा पद्यांश के अनुसार कथन A की सही व्याख्या नहीं है। |

(ङ) कुछ __________ और फिर कुछ रोए ।

A. रोए
B. गाए
C. हँसे
D. मुस्कुराए

| | |
|---|---|
| A रोए (गलत) | A रिक्त स्थान में 'रोए' काव्यांश के अनुसार गलत है। |
| B गाए (गलत) | B रिक्त स्थान में 'गाए' काव्यांश के अनुसार गलत है। |
| C हँसे (सही) | C रिक्त स्थान में 'हँसे' काव्यांश के अनुसार सही है। |
| D मुस्कुराए (गलत) | D रिक्त स्थान में 'मुस्कुराए' काव्यांश के अनुसार गलत है। |

**सुझाव -**

1. विद्यार्थी पद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ें।
2. पठन समय का प्रयोग करते हुए पद्यांश से जुड़े प्रश्नों को अच्छी तरह समझ लें।
3. पद्यांश के केंद्रीय भाव को समझने के बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

DoE, Delhi

4. 'कथन और कारण' के प्रश्न हल करते समय ध्यान दें कि केवल कथन और कारण का सही होना ही पर्याप्त नहीं है। कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है या नहीं इस बात पर ध्यान देने के बाद ही उचित विकल्प का चुनाव करें।

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(क) 'रात हुई और आकाश में तारों का मेला लग गया' इसका सरल वाक्य होगा-

A. आकाश में तारों का मेला लग गया क्योंकि रात हो गई।

B. रात को आकाश में तारों का मेला लग गया।

C. आकाश में तारों के मेला लगने के बाद, रात हो गई।

D. जब आकाश में तारों का मेला तब रात हुई।

| | |
|---|---|
| A आकाश में तारों का मेला लग गया क्योंकि रात हो गई। (गलत) | A क्योंकि यह संयुक्त वाक्य है। |
| B रात को आकाश में तारों का मेला लग गया। (सही) | B क्योंकि यह सरल वाक्य है। |
| C आकाश में तारों के मेला लगने के बाद, रात हो गई।(गलत) | C क्योंकि यह मिश्र वाक्य है। |
| D जब आकाश में तारों का मेला तब रात हुई । (गलत) | D क्योंकि यह मिश्र वाक्य है। |

(ख) 'झूठ बोलने पर उसने दंड पाया' - इसका संयुक्त वाक्य होगा-

A. जैसे तुमने झूठ बोला वैसे ही उसे दंड मिला।

B. तुम्हारे झूठ बोलने पर उसने दंड पाया।

C. उसने झूठ बोला, इसलिए दंड पाया।

D. तुम्हारे झूठ बोलने के बाद उसे दंड मिला।

| | |
|---|---|
| A जैसे तुमने झूठ बोला वैसे ही उसे दंड मिला।(गलत) | A मिश्र वाक्य होने और कर्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण। |
| Bतुम्हारे झूठ बोलने पर उसने दंड पाया।(गलत) | B मिश्र वाक्य होने और कर्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण। |
| C उसने झूठ बोला, इसलिए दंड पाया। (सही) | C क्योंकि यह संयुक्त वाक्य है। |
| D तुम्हारे झूठ बोलने के बाद उसे दंड मिला। (गलत) | D सरल वाक्य होने और कर्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण। |

(ग) 'सरला ने कहानी सुनाई और मंजू रो पड़ी' इसका मिश्र वाक्य होगा-

DoE, Delhi

A. सरला के कहानी सुनाने पर मंजू रो पड़ी।

B. सरला ने कहानी सुनाई एवं मंजू रो पड़ी।

C. सरला के कहानी सुनाने के कारण मंजू रो पड़ी।

D. सरला ने ऐसी कहानी सुनाई कि मंजू रो पड़ी।

| | |
|---|---|
| A सरला के कहानी सुनाने पर मंजू रो पड़ी। (गलत) | A सरल वाक्य होने के कारण। |
| B सरला ने कहानी सुनाई एवं मंजू रो पड़ी। (गलत) | B संयुक्त वाक्य होने के कारण। |
| C सरला के कहानी सुनाने के कारण मंजू रो पड़ी। (गलत) | C सरल वाक्य होने के कारण। |
| D सरला ने ऐसी कहानी सुनाई कि मंजू रो पड़ी।(सही) | D मिश्र वाक्य होने के कारण। |

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए-

A. अभिनव सच बोलता है, इसलिए वह महान है।

B. अभिनव इसलिए महान है क्योंकि वह सच बोलता है।

C. अभिनव के सच बोलने के कारण वह महान हुआ।

D. अभिनव ने सच बोला और वह महान हुआ।

| | |
|---|---|
| A अभिनव सच बोलता है, इसलिए वह महान है। (गलत) | A संयुक्त वाक्य होने के कारण। |
| B अभिनव इसलिए महान है क्योंकि वह सच बोलता है। (सही) | B मिश्र वाक्य होने के कारण। |
| C अभिनव के सच बोलने के कारण वह महान हुआ। (गलत) | C सरल वाक्य होने के कारण। |
| D अभिनव ने सच बोला और वह महान हुआ।(गलत) | D संयुक्त वाक्य होने के कारण। |

(ङ) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम1 | कॉलम2 |
|---|---|

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| (1) सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे\| | (i) सरल वाक्य |
| (2) जो व्यक्ति शक्तिशाली है वह सब कुछ कर सकता है। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| (3) बच्चे कबड्डी खेल रहे हैं \| | (iii) मिश्र वाक्य |

विकल्प

A. 1-iii 2-ii 3-i
B. 1-ii 2-iii 3-i
C. 1-ii 2-i 3-iii
D. 1-ii 2-i 3-iii

| | |
|---|---|
| A 1-iii 2-ii 3-i (गलत) | A कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |
| B 1-ii 2-iii 3-i (सही) | B कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित होने के कारण। |
| C 1-ii 2-i 3-iii (गलत) | C कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |
| D 1-ii 2-i 3-iii (गलत) | D कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |

**सुझाव -**

1. विद्यार्थी 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' की अवधारणा को अच्छे से समझें।
2. विद्यार्थी ध्यान दें कि वाक्य परिवर्तन में काल और सर्वनाम परिवर्तन के बाद भी एक समान रहना चाहिए।

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(क) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| (1) विद्यार्थियों द्वारा निबंध लिखा गया \| | (i) कर्तृवाच्य |
| (2) सरोज से पढ़ा नहीं गया। | (ii) भाववाच्य |
| (3) सुरेखा ने कविता पढ़ी। | (iii) कर्मवाच्य |

विकल्प

A. 1-iii 2-ii 3-i
B. 1-ii 2-iii 3-i
C. 1-ii 2-i 3-iii
D. 1-i 2-ii 3-iii

| | |
|---|---|
| A 1-iii 2-ii 3-i (सही) | A कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित होने के कारण। |
| B 1-ii 2-iii 3-i (गलत) | B कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |
| C 1-ii 2-i 3-iii (गलत) | C कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |
| D 1-i 2-ii 3-iii (गलत) | D कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। |

(ख) इनमें कर्मवाच्य का उदाहरण है -

A. विवेक द्वारा खेल खेला गया।
B. विवेक खेल खेलता है।
C. विवेक खेलना नहीं जानता है।
D. विवेक से खेल खेला नहीं जाता।

| | |
|---|---|
| A विवेक द्वारा खेल खेला गया। (सही) | A कर्मवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण। |
| B विवेक खेल खेलता है। (गलत) | B कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| C विवेक खेलना नहीं जानता है। (गलत) | C कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| D विवेक से खेल खेला नहीं जाता। (गलत) | D भाववाच्य का उदाहरण होने के कारण। |

(ग) इनमें कर्तृवाच्य का उदाहरण है -

A. महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं जाता।

B. महात्मा गांधी ने शांति का संदेश दिया।

C. महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं दिया गया।

D. महात्मा गांधी द्वारा शांति सन्देश दिया गया|

| | |
|---|---|
| A महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं जाता। (गलत) | A कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| B महात्मा गांधी ने शांति का संदेश दिया। (सही) | B कर्तृवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण। |
| C महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं दिया गया। (गलत) | C कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| D महात्मा गांधी द्वारा शांति सन्देश दिया गया\| (गलत) | D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |

(घ) 'बाल गोबिन भगत रोज प्रभाती गाया करते थे।' इसका भाववाच्य होगा-

A बाल गोबिन भगत रोज प्रभाती गाते हैं।

B बाल गोबिन भगत रोज प्रभाती गाएँगें।

C 'बाल गोबिन भगत द्वारा रोज प्रभाती गाया जाता था।

D बाल गोविंद भगत से रोज प्रभाती गाई जाती है।

| | |
|---|---|
| A बाल गोबिन भगत रोज प्रभाती गाते हैं। (गलत) | A कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| B बाल गोविंद भगत रोज प्रभाती गाएँगें। (गलत) | B कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| C बाल गोबिन भगत द्वारा रोज प्रभाती गाया जाता था। (सही) | C भाववाच्य का सही उदाहरण होने के कारण। |

DoE Delhi

| | |
|---|---|
| D बाल गोविंद भगत से रोज प्रभाती गाई जाती है। (गलत) | D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |

(ङ) 'राधा द्वारा पढ़ा जाता है।' वाक्य का कर्तृ वाच्य होगा-

A. राधा पढ़ती है।

B. राधा से पढ़ा नहीं जाता।

C. राधा से पढ़ा जाता है।

D. राधा द्वारा पढ़ा जाएगा।|

| | |
|---|---|
| A राधा पढ़ती है। (सही)<br>B राधा से पढ़ा नहीं जाता। (गलत)<br>C राधा से पढ़ा जाता है। (गलत)<br>D राधा द्वारा पढ़ा जाएगा। (गलत) | A कर्तृवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण।<br>B कर्मवाच्य का उदाहरण एवं निषेधात्मक होने के कारण।<br>C कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br>D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। |
| **सुझाव -**<br>1. विद्यार्थी 'वाच्य' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. विद्यार्थी ध्यान दें कि वाच्य परिवर्तन में काल और सर्वनाम परिवर्तन के बाद भी एक समान रहना चाहिए। | |

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

(क) रेखा पुस्तक <u>पढ़ती है</u>| रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा -

A. सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, एक वचन, वर्तमानकाल।

B. अकर्मक क्रिया, भाववाच्य, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल |

C. सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल।

C. अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमानकाल।

| | |
|---|---|
| A सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमानकाल। (सही) | A पढ़ना - सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमान काल, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण। |
| B अकर्मक क्रिया, भाववाच्य, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल|(गलत) | B पढ़ना - अकर्मक, भाववाच्य, भूतकाल, गलत होने के कारण। |

| | |
|---|---|
| C सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल। (गलत)<br><br>D अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमानकाल। (गलत) | C बहुवचन और भविष्यकाल गलत होने के कारण।<br><br>D अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, पुल्लिंग, गलत होने के कारण। |

(ख) <u>राघव</u> मैदान में दौड़ता है| रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा -

A. जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक |
B. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक |
C. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक |
D. भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक |

| | |
|---|---|
| A जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक\| (गलत)<br><br>B व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक \| (गलत)<br><br>C व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक \|(सही)<br><br>D भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक \| (गलत) | A जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन और कर्म कारक गलत होने के कारण।<br><br>B स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण।<br><br>C राघव - व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>D भाववाचक संज्ञा, बहुवचन और स्त्रीलिंग गलत होने के कारण। |

(3) <u>वह</u> आम खाता है | रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा -

A. सर्वनाम, पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन पुल्लिंग, कर्ता कारक।
B. सर्वनाम, निजवाचक, मध्यमपुरुष, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक।
C. सर्वनाम, प्रश्नवाचक, उत्तमपुरुष, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक।
D. सर्वनाम, संबंधवाचक, मध्यमपुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक।

DoE Delhi

| | |
|---|---|
| A सर्वनाम, पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन पुल्लिंग, कर्ता कारक। (सही) | A वह - सर्वनाम पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण। |
| B सर्वनाम, निजवाचक, मध्यमपुरुष, बहुवचन स्त्रीलिंग, कर्मकारक। (गलत) | B निजवाचक, मध्यम पुरुष, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक, गलत होने के कारण। |
| C सर्वनाम, प्रश्नवाचक, उत्तमपुरुष, एकवचन स्त्रीलिंग, कर्ता कारक।(गलत) | C प्रश्नवाचक, उत्तम पुरुष, स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण। |
| D सर्वनाम, संबंधवाचक, मध्यमपुरुष, एकवचन पुल्लिंग, कर्म कारक। (गलत) | D संबंधवाचक, मध्यम पुरुष, गलत होने के कारण। |

(घ) मैं रोज धीरे-धीरे चलता हूँ। रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा -

A. रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य।
B. स्थानवाचक क्रिया विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल, भाववाच्य।
C. गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, भूत काल, कर्मवाच्य।
D. गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल कर्तृवाच्य।

| | |
|---|---|
| A रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य। (सही) | A धीरे-धीरे - रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन वर्तमान काल, कर्तृवाच्य, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण। |
| B स्थानवाचक क्रिया विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल, भाववाच्य। (गलत) | B स्थानवाचक क्रिया विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्य काल, भाववाच्य, गलत होने के कारण। |
| C गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, भूत काल, कर्मवाच्य। (गलत) | C गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, भूत काल, कर्मवाच्य, गलत होने के कारण। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| D गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल कर्तृवाच्य। (गलत) | D गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, भूत काल, गलत होने के कारण। |

(ङ) बगीचे में <u>सुंदर</u> फूल खिले हैं| -रेखांकित शब्द का पद परिचय होगा-

A. संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का क्रियाविशेषण।

B. गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण|

C. संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'फूल' का क्रियाविशेषण।

D. स्थानवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का विशेषण|

| | |
|---|---|
| A संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग , फूल विशेष्य का क्रियाविशेषण। (गलत) | A संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का क्रिया विशेषण, गलत होने के कारण। |
| B गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण\|(सही) | B सुंदर - गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण। |
| C संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'फूल' का क्रियाविशेषण।<br>(गलत) | C संख्यावाचक विशेषण, फूल विशेष्य का क्रिया विशेषण, गलत होने के कारण। |
| D स्थानवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का विशेषण\| (गलत) | D स्थानवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण। |

**सुझाव -**

1. विद्यार्थी 'पद परिचय' की अवधारणा को अच्छे से समझें।
2. रेखांकित पद के लिंग, वचन और काल पर विशेष ध्यान दें।

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(क) 'ले चला साथ में तुझे कनक ज्यों भिक्षु लेकर स्वर्ण झनक'। इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. यमक | B. श्लेष
C. उत्प्रेक्षा | D. अनुप्रास

| | |
|---|---|
| A यमक (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहां पर यमक अलंकार आता है। |
| B श्लेष (गलत) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। |
| C उत्प्रेक्षा (सही) | C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। पहचान - जनु, मनु, इव, मानो, मनो, मनहुँ, आदि। यहाँ 'ज्यों' शब्द का प्रयोग हुआ है अतः यहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार है। |
| D अनुप्रास (गलत) | D अनुप्रास अलंकार में किसी एक व्यंजन वर्ण की आवृत्ति होती है। |

(ख) 'जिस वीरता से शत्रुओं का सामना उसने किया। असमर्थ हो उसके कथन में मौन वाणी ने लिया।' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है -

A. यमक | B. श्लेष
C. उत्प्रेक्षा | D. अतिशयोक्ति

| | |
|---|---|
| A यमक (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो वहाँ पर यमक अलंकार आता है। |
| B श्लेष (गलत) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। |
| C उत्प्रेक्षा (गलत) | C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| D अतिशयोक्ति (सही) | D जब किसी वस्तु, व्यक्ति आदि का वर्णन बहुत बाधा चढ़ा कर किया जाए तब वहां अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इस अलंकार में नामुमकिन तथ्य बोले जाते हैं। यहाँ वीरता का अतिशय वर्णन है। |

(ग) 'उषा सुनहले तीर बरसाती, जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. यमक
B. श्लेष
C. उत्प्रेक्षा
D. मानवीकरण

| | |
|---|---|
| A यमक (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो वहाँ पर यमक अलंकार आता है। |
| B श्लेष (गलत) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। |
| C उत्प्रेक्षा (गलत) | C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। |
| D मानवीकरण (सही) | D जहाँ पर स्थिर और निर्जीव चीजों का मनुष्य के जैसा बर्ताव और क्रियाएं करने का वर्णन हो वहां पर मानवीकरण अलंकार होता है। यहाँ उषा अर्थात भोर को मानवीय क्रियाओं से युक्त दर्शाया गया है। |

(घ) जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय। बारे उजियारो करै बढ़े अंधेरों होय।।' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

A. अतिशयोक्ति
B. श्लेष
C. उत्प्रेक्षा
D. उपमा

| | |
|---|---|
| A अतिशयोक्ति (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहाँ पर यमक अलंकार होता है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| B श्लेष (सही) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। दीपक के चरित्र जैसा ही कुपुत्र का भी चरित्र होता है। दोनों ही पहले तो उजाला करते हैं पर बढ़ने के साथ-साथ अंधेरा होता जाता है। यहाँ 'बारे' शब्द में श्लेष अलंकार है। 'बारे' का एक अर्थ है जलाना और दूसरा अर्थ है बढ़ना। |
| C उत्प्रेक्षा (गलत) | C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। |
| D उपमा (गलत) | D उपमा अर्थात् तुलना या समानता उपमा में उपमेय की तुलना उपमान से गुण, धर्म या क्रिया के आधार पर की जाती है। |

(ङ) जहाँ किसी गुण या स्थिति का बढ़ा चढ़ाकर वर्णन किया जाए वहाँ अलंकार है-

A. यमक B. श्लेष

C. उत्प्रेक्षा D. अतिशयोक्ति

| | |
|---|---|
| A यमक (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहां पर यमक अलंकार आता है। |
| B श्लेष (गलत) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। |
| C उत्प्रेक्षा (गलत) | C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। |
| D अतिशयोक्ति (सही) | D जब किसी वस्तु, व्यक्ति आदि का वर्णन बहुत बाधा चढ़ा कर किया जाए तब वहां अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इस अलंकार में नामुमकिन तथ्य बोले जाते हैं। |

DoE, Delhi

| |
|---|
| **सुझाव -**<br>1. विद्यार्थी 'अलंकार' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. क्षितिज के काव्य आधारित पाठों में प्रयुक्त अलंकारों पर विशेष ध्यान दें। |

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

पाँच भाई-बहिनों में सबसे छोटी मैं। सबसे बड़ी बहिन की शादी के समय मैं शायद सात साल की थी और उसकी एक धुंधली सी याद ही मेरे मन में है, लेकिन अपने से दो साल बड़ी बहिन सुशीला और मैंने घर के बड़े से आँगन में बचपन के सारे खेल खेले-सतोलिया, लँगड़ी टाँग, पकड़म-पकड़ाई, काली-टीलो...तो कमरों में गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह भी रचाए, पास-पड़ोस की सहेलियों के साथ। यों खेलने को हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर । हाँ, इतना ज़रूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी जिंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ़्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरंभिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुज़ार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था। एक-दो को छोड़कर उनमें से कोई भी पात्र मेरे परिवार का नहीं है। बस इनको देखते - सुनते, इनके बीच ही मैं बड़ी हुई थी लेकिन इनकी छाप मेरे मन पर कितनी गहरी थी, इस बात का अहसास तो मुझे कहानियाँ लिखते समय हुआ।

(क) लेखिका अपने भाइयों के साथ कौन से खेल खेला करती थी?

A. कबड्डी
B. हॉकी
C. गिल्ली-डंडा
D. क्रिकेट

| | |
|---|---|
| A कबड्डी (गलत)<br>B हॉकी (गलत)<br>C गिल्ली-डंडा (सही) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br>C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला" |

| | |
|---|---|
| D क्रिकेट(गलत) | D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ख) अपनी जिंदगी खुद जीने जिद और दबाव ने हमें कहाँ रहने को विवश कर दिया ?

A.महानगरों के फ़्लैट में

B.महानगरों के मकान में

C.महानगरों के कोठी में

D.महानगरों के हास्टल में

| | |
|---|---|
| A महानगरों के फ्लैट में (सही) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे परम्परागत पड़ोस कल्चर से विच्छिन्न करके हमें संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया।" |
| B महानगरों के मकान में (गलत) | B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C महानगरों की कोठी में (गलत) | C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D महानगरों के हॉस्टल में (गलत) | D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ग) उस ज़माने में लेखिका के घर की दीवारें कहाँ तक फैली रहती थीं ?

A. दूसरी गली तक

B. पड़ोसी के घर तक

C. पास के घर तक

D. पूरे मोहल्ले तक

| | |
|---|---|
| A दूसरी गली तक (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| B पड़ोसी के घर तक (गलत) | B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| C पास के घर तक (गलत) | C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D पूरे मोहल्ले तक (सही) | D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थी बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं।" |

(घ) परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' से विच्छिन्न करके लेखिका को कितना संकुचित,------------और असुरक्षित बना दिया।

A. सहयोगी

B. कमजोर

C. असहाय

D. मजबूत

| | |
|---|---|
| A सहयोगी (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| B कमजोर (गलत) | B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C असहाय (सही) | C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे परम्परागत पड़ोस कल्चर से विच्छिन्न करके हमें संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया।" |
| D मजबूत (गलत) | D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ङ) गद्यांश के अनुसार बड़ी बहन के विवाह के समय लेखिका कितने वर्ष की थी ?

A. आठ वर्ष

B. सात वर्ष

C. पाँच वर्ष

D. छः वर्ष

| | |
|---|---|
| A आठ वर्ष की (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| B सात वर्ष की (सही) | B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "बड़ी बहन की शादी के समय में शायद सात साल की थी।" |
| C पांच वर्ष की (गलत) | C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D छह वर्ष की (गलत) | D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

**सुझाव -**
1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।
2. विद्यार्थी गद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रश्न 8. गद्य पाठों के आधारित पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x2=2)

(क) संस्कृति पाठ में लेखक ने असंस्कृत व्यक्ति किसे कहा है?

A. मानव-कल्याण की भावना से युक्त व्यक्ति को

B. मानव-स्वार्थ की भावना वाले व्यक्ति को

C. मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत व्यक्ति को

D. मानव-कल्याण की भावना से हीन व्यक्ति को

| | |
|---|---|
| A मानव कल्याण की भावना से युक्त व्यक्ति को (गलत) | A मानव कल्याण की भावना से युक्त व्यक्ति सुसंस्कृत व्यक्ति होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |
| B मानव स्वार्थ की भावना वाले व्यक्ति को (गलत) | B मानव स्वार्थ की भावना वाला व्यक्ति मानव के हित के लिए सोचता है, उसका स्वार्थ मानवता हेतु होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |
| C मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत व्यक्ति को (गलत) | C मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत व्यक्ति सुसंस्कृत व्यक्ति होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |

DoE Delhi

| | |
|---|---|
| D मानव कल्याण की भावना से हीन व्यक्ति को (सही) | D मानव कल्याण की भावना से हीन व्यक्ति ही सही अर्थों में असंस्कृत व्यक्ति होता है जिसका मानवता से कोई लेना-देना नहीं होता, अतः यह विकल्प सही है। |

(ख) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का जन्म स्थान कहाँ है?

A. काशी

B. डुमराँव

C. पटना

D. गया

| | |
|---|---|
| A काशी (गलत) | A पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |
| B डुमराँव (सही) | B पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प सही है। |
| C पटना (गलत) | C पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |
| D गया (गलत) | D पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। |

**सुझाव -**

1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े<br>
शेफालिका के फूल<br>
बाँस था कि बबूल ?

DoE Delhi

तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !
थक गए हो?
आँख लूँ मैं फेर ?
क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार ?
यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज
मैं न सकता देख
मैं न पाता जान
तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य !
चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान !

(क) बालक के साथ-साथ कवि किसे धन्य बता रहा है ?

A. बहन को।
B. भाई को।
C. माँ को।
D. पिता को।

| | |
|---|---|
| A बहन को (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| B भाई को (गलत) | B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C माँ को (सही) | C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!" |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| D पिता को (गलत) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ख) कवि को एकटक देखते रहने का बालक का क्या उद्देश्य है?

A. दिखाना।
B. देखना।
C. बुलाना।
D. पहचानना।

| | |
|---|---|
| A दिखाना (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| B देखना (गलत) | B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C बुलाना (गलत) | C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D पहचानना (सही) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि बाल मनोविज्ञान के अनुसार शिशु हर अनजान चेहरे को पहचानने की कोशिश करता है। |

(ग) काव्यांश में उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं ---------------?

A. मधुपर्क।
B. संपर्क।
C. अनुराग।
D. अनुभव।

| | |
|---|---|
| A मधुपर्क (सही) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- "उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क" |
| B संपर्क (गलत) | B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C अनुराग (गलत) | C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D अनुभव (गलत) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

DoE, Delhi

(घ) कवि को दंतुरित मुस्कान कैसी लग रही है?

A. यथार्थ के समान

B. सुंदर छवि के समान

C. सत्य के समान

D. आभा के समान

| | |
|---|---|
| A यथार्थ के समान (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| B सुंदर छवि के समान (सही) | B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- “तब तुम्हारी दन्तुरित मुसकान मुझे लगती बड़ी ही छविमान!” |
| C सत्य के समान (गलत) | C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D आभा के समान (गलत) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ङ) कवि के छूने पर किसके फूल झरने लग गए ?

A. शेफालिका के।

B. गुलाब के।

C. गेंदा के।

D. चमेली के।

| | |
|---|---|
| A शेफालिका के (सही) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- “छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े, शेफालिका के फूल” |
| B गुलाब के (गलत) | B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C गेंदा के (गलत) | C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D चमेली के (गलत) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

| |
|---|
| **सुझाव -** |

DoE, Delhi

1. क्षितिज के पद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।
2. विद्यार्थी पद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रश्न 10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1x2=2)

(क)) संगतकार किसे कहा गया है?

A. मुख्य गायक का साथ देने वाले को
B. मुख्य गायक का साथ न देने वाले को
C. मुख्य गायक के विरोधियों को
D. मुख्य गायक के शत्रुओं को

| | |
|---|---|
| A मुख्य गायक का साथ देने वाले को (सही) | A पाठ के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि संगतकार उन्हें ही कहा जाता है जो मुख्य गायक का साथ देते हैं । |
| B मुख्य गायक का साथ न देने वाले को (गलत) | B 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| C मुख्य गायक के विरोधियों को (गलत) | C 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है। |
| D मुख्य गायक के शत्रुओं को (गलत) | D 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है। |

(ख). गोपियों द्वारा बड़भागी किसे कहा गया है?

A. उद्धव को
B. कृष्ण को
C. गोपियों को
D. इनमें कोई नहीं

| | |
|---|---|
| A उद्धव को (सही) | A पाठ के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। उद्धव को ही श्रीकृष्ण का सानिध्य प्राप्त है, गोपियाँ तो उनके प्रेम से अछूती हैं। |
| B कृष्ण को (गलत) | B पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'श्रीकृष्ण को' दिया गया है जो कि गलत है। |
| Cगोपियों को (गलत) | C पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'गोपियों को' दिया गया है जो कि गलत है। |
| D इनमें से कोई नहीं (गलत) | D पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'इनमें से कोई नहीं' दिया गया है जो कि गलत है। |

**सुझाव -**

1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।

DoE, Delhi

खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

(क) 'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य के आधार पर स्वाधीनता आंदोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू भंडारी जी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

| | |
|---|---|
| • 1942-47 का समय स्वतंत्रता-आन्दोलन का समय था, हर एक युवा पूरे जोश-खरोश से इस आन्दोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा था ऐसे में लेखिका मन्नू भंडारी ने भी इस आन्दोलन का अभिन्न हिस्सा बनकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई । | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

| | |
|---|---|
| • उसने पिता की इच्छा के विरुद्ध सड़कों पर घूम-घूमकर नारेबाजी, हड़तालें, जलसे, जुलूस किए।<br>इस आंदोलन में उन्होंने अपने भाषण, उत्साह तथा अपनी संगठन-क्षमता के द्वारा सहयोग प्रदान किया। | |

(ख) बिस्मिल्ला खाँ के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ? 'नौबत खाने में इबादत' पाठ के आधार उत्तर दीजिए।

| | |
|---|---|
| • ईश्वर के प्रति उनके मन में अगाध भक्ति थी।<br>• मुस्लिम होने के बाद भी उन्होंने हिंदू धर्म का सम्मान किया तथा हिंदू-मुस्लिम एकता को कायम रखा।<br>• भारत रत्न की उपाधि मिलने के बाद भी उनमें घमंड कभी नहीं आया।<br>• वे एक सीधे-सादे तथा सच्चे इंसान थे।<br>• उनमें संगीत के प्रति सच्ची लगन तथा सच्चा प्रेम था।<br>वे अपनी मातृभूमि से सच्चा प्रेम करते थे। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ<br>(अधिकतम 2 अंक) |

(ग) संस्कृति पाठ के आधार पर बताइए कि वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है?

| | |
|---|---|
| • जिस व्यक्ति ने समाज के लिए कुछ काम किया और वह काम अच्छा हो।<br>• अगर किसी ने कुछ आविष्कार किया वह चीज मानव समाज के काम आए। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ<br>(अधिकतम 2 अंक) |

(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।

| | |
|---|---|
| • उनके गीतों में जादुई प्रभाव था।<br>• संध्या समय जब वे अपनी मंडली समेत गाने बैठते तो उनके द्वारा गाए पदों को उनकी मंडली दोहराया करती थी।<br>• भगत के स्वर के आरोह के साथ श्रोताओं का मन भी ऊपर उठता चला जाता और भावविभोर हो उठता। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ<br>(अधिकतम 2 अंक) |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| • लोग अपने तन-मन की सुध-बुध खोकर संगीत की स्वर लहरियों में तल्लीन हो जाते थे। | |

**सुझाव -**
1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।
2. 2 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम दो विभिन्न महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें।

प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

(क) 'यह दंतुरिन मुस्कान' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अंतर है ?

| | |
|---|---|
| • बच्चे अबोध होते हैं। बच्चों की हँसी में निश्छलता होती है लेकिन बड़ों की मुस्कुराहट कृत्रिम भी होती है।<br>• बच्चे मुस्कुराते समय किसी खास मौके की प्रतीक्षा नहीं करते हैं वे तो बस... अपनी स्वाभाविक मुसकान बिखेरना जानते हैं।<br>• बड़े व्यक्ति परिपक्व बुद्धि के होते हैं, उनके मुसकुराने की खास वजह होती है।<br>बच्चों का मुस्कुराना सभी को प्रभावित करता है परन्तु बड़ों की मुसकान वैसा आकर्षण नहीं रखती। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

(ख) फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है ? 'उत्साह' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

| | |
|---|---|
| • फागुन में सर्वत्र मादकता सुन्दरता छाई रहती है।<br>• प्राकृतिक शोभा अपने पूर्ण यौवन पर होती है।<br>• पेड़-पौधें नए पत्तों, फल- फूलों से लद जाते हैं,<br>• हवा सुगन्धित हो उठती है।<br>• आकाश साफ-स्वच्छ होता है।<br>• पक्षियों के समूह आकाश में विहार करते दिखाई देते हैं।<br>• बाग-बगीचों और पक्षियों में उल्लास भर जाता हैं।<br>फागुन का सौंदर्य बाकी ऋतुओं से भिन्न है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

DoE, Delhi

(ग) किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर क्यों नहीं पहुँच पाते होंगे ? अपने विचार लिखिए।

| | |
|---|---|
| • क्योंकि वे अपने गुरु और स्वामी को महत्व देते हैं<br>• वे अपने गुरु और स्वामी का सम्मान करते हैं। स्वयं को आगे न बढ़ाना उनकी मनुष्यता है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

(घ) 'अट नहीं रही है' कविता में कवि ने प्रकृति की व्यापकता का वर्णन किन रूपों में किया है ?

| | |
|---|---|
| • कवि ने सौन्दर्य को हर जगह छलकते हुए दिखाया है, जो घर-घर में फैला हुआ है।<br>• यहाँ 'घर-घर भर देते हो' में फूलों की शोभा की ओर संकेत है और मन में उठी खुशी की ओर भी।<br>• 'उड़ने को पर पर करना' भी ऐसा सांकेतिक प्रयोग है, जो पक्षियों की उड़ान पर लागू होता है और मन की उमंग पर भी। सौंदर्य से आँख न हटा पाना भी उसके विस्तार की झलक देता है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

सुझाव -

1. क्षितिज के पद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।
2. 2 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम दो विभिन्न महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें।

प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (4x2=8)

(क) 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रखी गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है ?

| | |
|---|---|
| • वे लोग अपने खेल प्रकृति से ही प्राप्त करते थे और उसी प्रकृति के साथ खेलते थे। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| • उनके लिए मिट्टी, खेत, पानी, पेड़, मिट्टी के बर्तन आदि साधन थे।<br>• आज तीन वर्ष की उम्र होते ही बच्चों को नर्सरी में भर्ती करा दिया जाता है।<br>आज के बच्चे विडियो गेम, टी.वी., कम्प्यूटर, शतरंज़ आदि खेलने में लगे रहते हैं या फिर क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बेडमिण्टन या कार्टून आदि में ही अपना समय बिता देते हैं। | |

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा-वृत्तांत में लेखिका ने हिमालय के जिन-जिन रूपों का चित्र खींचा है, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

| | |
|---|---|
| • हिमालय कहीं चटक हरे रंग का मोटा कालीन ओढ़े हुए, तो कहीं हल्का पीलापन लिए हुए प्रतीत हुआ।<br>• चारों तरफ़ हिमालय के गहनतम वादियाँ और फूलों से लदी घाटियाँ थी।<br>• कहीं पर्वत प्लास्टर उखड़ी दीवार की तरह पथरीला दिखाई दिया और देखते-ही-देखते सब कुछ समाप्त हो गया मानो किसी ने जादू की छडी घूमा दी हो।<br>• कभी बादलों की मोटी चादर में,सब कुछ बादलमय दिखाई देता तो कभी कुछ और।<br>कटाओ से आगे बढ़ने पर पूरी तरह बर्फ से ढके पहाड़ दिख रहे थे। चारों तरफ दूध की धार की तरह दिखने वाले जलप्रपात थे तो वहीं नीचे चाँदी की तरह कौंध मारती तिस्ता नदी बह रही थी, | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ?' के आधार पर बताइए कि लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?

| | |
|---|---|
| • अपनी भीतरी प्रेरणा के लिए<br>• भावनात्मक विवशता जानने के लिए<br>• मन के दबाव से मुक्त होने के लिए | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |

DoE, Delhi

| | |
|---|---|
| • प्रकाशक और संपादक का आग्रह उसे लेखन के लिए आर्थिक विवशता भी लिखने को विवश करती है | |

**सुझाव -**

1. कृतिका के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।
2. 4 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम तीन से चार महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें।

प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए। (1×6=6)

(क) 'करत करत अभ्यास ते जड़मति होता सुजान'

संकेत-बिंदु- भूमिका, अभ्यास का महत्त्व, अभ्यास ही सफलता की कुँजी, अभ्यास की कमी से होने वाली हानियां, अभ्यास से लाभ, उपसंहार।

(ख) दिल्ली में प्रदूषण की समस्या

संकेत-बिंदु- भूमिका, प्रदुषण के कारण, संभावित समाधान, उपसंहार।

(ग) दैनिक जीवन में व्यायाम का महत्व

संकेत-बिंदु- व्यायाम की आवश्यकता क्यों? जीवनी शक्ति में वृद्धि, पठन एवम् गृह कार्य में सुधार, उपसंहार

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद लेखन - | |
| विषयवस्तु | 3 अंक |
| भाषा | 1 अंक |
| प्रस्तुति | 2 अंक |

1. दिए गए संकेत बिन्दुओं का क्रमिक रूप से समावेश और विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 3 अंक दिए जाएँ।
2. किसी बिंदु का समावेश न हो या क्रमिक विश्लेषण न किया गया हो तो विषयवस्तु के लिए 2 अंक दिए जाएँ।
3. किसी एक दिए गए बिंदु का विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 1 अंक दिए जाएँ।
4. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।
5. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 2 अंक दिए जाएँ।

DoE, Delhi

6. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।

**सुझाव -**

1. अनुच्छेद लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।
2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।
3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें।

प्रश्न 15.(क) आप रहमान / रेशमा हैं | दिल्ली में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए दैनिक जागरण दिल्ली के संपादक महोदय को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (1×5=5)

अथवा

(ख) आप गौरव / गरिमा हैं | आपके ताऊ जी का आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है | ताऊ जी को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हुए अपने पिताजी को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

| | |
|---|---|
| पत्र लेखन - | |
| आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ | 1 अंक |
| विषयवस्तु | 2 अंक |
| भाषा | 1 अंक |
| प्रस्तुति | 1 अंक |

1. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन करने पर 1 अंक दिए जाएँ।
2. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन न करने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।
3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 2 अंक दिए जाएँ।
4. दिए हुए विषय के संबंध में उचित तर्कों का पूरी तरह समावेश न करने पर पर 1 अंक दिए जाएँ।
5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।
6. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।

DoE, Delhi

7. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ।

**सुझाव -**

1. पत्र लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।
2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।
3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें।

प्रश्न 16.(क) आप सुरेश / स्नेहा हैं | आपको गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल में भाषा अध्यापक/ अध्यापिका के लिए आवेदन करना है | इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) आप राहुल/राधा हैं | आप क ख ग प्रकाशन दिल्ली से अपनी हिन्दी विषय की पाठ्य पुस्तकें मँगाने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। (1x5=5)

| | |
|---|---|
| स्ववृत्त अथवा ई मेल लेखन- | |
| आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ | 1 अंक |
| विषयवस्तु | 2 अंक |
| भाषा | 1 अंक |
| प्रस्तुति | 1 अंक |

1. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन करने पर 1 अंक दिए जाएँ।
2. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन न करने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।
3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 2 अंक दिए जाएँ।
4. दिए हुए विषय के संबंध में उचित तर्कों का पूरी तरह समावेश न करने पर पर 1 अंक दिए जाएँ।
5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।
6. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।

DoE, Delhi

| |
|---|
| 7. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ। |

| |
|---|
| **सुझाव -**<br>1. स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।<br>2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।<br>3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें। |

प्रश्न 17. (क) आप प्रदीप / पुनीता हैं। आपके चाचा ने किराना की एक दुकान खोली है | वे प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन देना चाहते हैं | आप उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | (1×4=4)

अथवा

(ख) आप प्रदीप / पुनीता हैं | आपके बड़े भाई का जन्म दिवस है | इस अवसर पर उनके लिए लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए ।

| विज्ञापन अथवा संदेश लेखन - | |
|---|---|
| विषयवस्तु | 2 अंक |
| प्रस्तुति | 1 अंक |
| भाषा | 1 अंक |

| |
|---|
| 1. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/विवरण पर 2 अंक दिए जाएँ।<br>2. विषयानुकूल कम प्रासंगिक और कम प्रभावित करने वाले तर्क/विवरण पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>3. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।<br>4. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>5. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ। |

DoE, Delhi

**सुझाव -**

1. विज्ञापन अथवा संदेश लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।
2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।
3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें।

DoE, Delhi